an>

Title: Need to accord approval to the Delhi-Jaipur Expressway Project.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए पूरे राजस्थान की जनता की ओर से आपका आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, मैं जयपुर-दिल्ली एक्सप्रेस वे परियोजना की ओर आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। यह योजना पूरे राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण है और एक महत्वकांक्षी परियोजना है। इसी सदन में पूर्व वित्त मंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2006-07 के भाषण में दिल्ली से जयपुर एक्सप्रेस वे बनाने की घोषणा की गयी थी। वर्तमान में यह प्रस्ताव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के पास विचाराधीन है।

महोदय, इस संबंध में दिनांक 11 मई 2000 को योजना आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में जयपुर एक्सप्रेस पर परिचर्चा हुई और इस मार्ग के निर्धारण को अंतिम रूप देने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गयी। मैं निवेदन करना चाहता हूं, चूंकि यह एक विकासशील परियोजना है और पीपीपी की तर्ज पर इस योजना को पूर्ण किया जाना है। रेवेन्यू अर्जित करने हेतु एक्सप्रेस वे के आसपास कुछ रियल एस्टेट हब बनाने की भी योजना है। इस एक्सप्रेस वे के निर्माण से जयपुर से दिल्ली पहुंचने में समय कम लगेगा तथा शहर विकसित होंगे। इससे रोजगार भी बढ़ेगा और कम कीमत में घर की प्राप्ति होगी।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि जल्द से जल्द इस परियोजना की डीपीआर बने और दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस वे को सर्वोच्च प्राथमिकता दे कर इसके निर्माण का काम शुरू किया जाए। साथ ही किशनगढ़-अहमदाबाद हाईवे जो माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय में फोर लेन का बना था। इसको सिक्स लेन का बनाने के लिए दो बार टैंडर हो चुका है, लेकिन अभी तक उस पर काम शुरू नहीं हुआ है। यदि किशनगढ़ से अहमदाबाद यह सिक्स लेन का बन जाएगा तो मेवाड़ के और राजस्थान के जितने भी सांसद हैं और बाकी सभी लोगों को दिल्ली पहुंचने में आधा समय लगेगा। राजस्थान को इससे टूरिज्म में और अन्य क्षेत्रों में भी सुविधा होगी।

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): महोदय, मैं माननीय सदस्य द्वारा उठाए गए उपरोक्त विषय से स्वयं को संबद्ध करता हूं।